तत्काल

# //कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी, जिला–सिवनी//

क्रमांक/1575/परीक्षा/2025 सिवनी, दिनांक 27/02/2025

प्रति,

प्राचार्य/ आयोजक समस्त शाला परिवार,
ई.एफ.ए.ने.सु.च.बो.शा.उ.मा.वि.सिवनी,
जिला–सिवनी।

विषय :– हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 के सफल एवं सुचारु रुप से आयोजन के संबध में।

संदर्भ :– आई.टी.वी. मीडिया प्रकाशित समाचार पत्र दिनांक 26.2.2025 के संबध में।

—— 000 ——

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि प्राथमिक/माध्यमिक परीक्षा दिनांक 24.02.225 से प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं दोपहर 2.00 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित की जा रही है, इसी प्रकार हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी परीक्षा दिनांक 25 एवं 27 फरवरी से समय प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित की जा रही है। तद्संबध में आपकी संस्था को आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र.भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 5वी,8वी परीक्षायें एवं सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा 10वी, 12वी की परीक्षाओं हेतु बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है।

मंडल द्वारा संचालित समस्त परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन द्वारा परीक्षा संचालन में नियुक्त व्यक्तियों की सेवायें **"म.प्र. अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्ता निवारण अधिनियम 1979"** के प्रावधानो कें अंतर्गत अत्यावश्यक सेवा घोषित की जाती है तथा म.प्र. शासन राज्यपत्र के अनुसार 15 फरवरी से 15 मई तक की अवधि के लिए आवश्यक सेवायें घोषित कर दी गई है। शासन द्वारा जारी की गई, अत्यावश्यक सेवाओं की अधिसूचना के तहत परीक्षा से संबधित किसी भी प्रकार के कर्तव्य को इंकार करने पर ऐसे व्यक्ति दंड के भागीदार होंगे। साथ ही संस्था में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रतिबंधित है।

आई.टी.वी. मीडिया द्वारा प्रकाशित दिनांक 26.2.2025 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"सिवनी एम.पी.बोर्ड परीक्षा के दौरान नेताजी स्कूल के प्राचार्य प्रेमनारायण बारेश्वा की विदाई समारोह प्राचार्य को नही है, छात्रा की चिंता"** के संदर्भ में आपका आमंत्रण सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह दिनांक 28.02.2025 के आयोजन स्थान ने.सु.च.बो.शा.उ.मा.वि.सिवनी में किये जाने से छात्रों की परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न होगा, दिनांक 28.02.2025 को कक्षा 5वी की परीक्षा विषय–पर्यावरण अध्ययन, कक्षा 10वी विषय–उर्दू, कक्षा 12वी विषय–अंग्रेजी की परीक्षा प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे एवं कक्षा 8वी की परीक्षा विषय–विज्ञान दोपहर 2.00 बजे से 4.30 बजे तक आपकी संस्था में आयोजित हैं, परीक्षा के दौरान संस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न किया जाना एवं संस्था में आयोजन किया जाना म.प्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की कंडिका 1,2,3 एवं परीक्षा प्रावधान 1937 के वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील के अंतर्गत कदाचरण की श्रेणी में आता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है, कि आपकी संस्था के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजन समिति (आयोजन प्रबंधन समिति) के सदस्यों को निर्देशित करें, कि वार्षिक/बोर्ड परीक्षाओं के चलते आयोजन किया जाना उचित नही है। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह स्थान ने.सु.च.बो.शा.उ.मा.वि.सिवनी में न करायें जाने संबधी प्रमाणीकरण तत्काल इस कार्यालय में विशेष वाहक के हस्ते उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, प्रमाणीकरण प्राप्त न होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी, जिसके लिए आप स्वयं एवं आयोजन प्रबंधन समिति के सदस्य जवाबदार होंगे।

सहपत्र– उपरोक्तानुसार,

27/2/2025

जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला–सिवनी

निरंतर में–

पृष्ठांकन क्रमांक/ 1576 /परीक्षा/2025 सिवनी, दिनांक 27/02/2025

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र.भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
4. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र.भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
5. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
6. संचालक, म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
7. परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
8. कलेक्टर महोदय सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ।
9. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी की ओर सादर सूचनार्थ।
10. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
11. संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
12. सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग सिवनी की ओर सूचनार्थ।
13. जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी की ओर सूचनार्थ।
14. रक्षित निरीक्षक जिला पुलिस लाईन सिवनी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
15. संबधित थाना प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
16. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी/बी.आर.सी.सी. जिला सिवनी की ओर सूचनार्थ।
17. प्राचार्य जिलास्तरीय समन्वयक संस्था शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी की ओर सूचनार्थ।
18. समस्त प्रेक्षक/केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष/कलेक्टर प्रतिनिधि की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
19. समस्त प्राचार्य शास.हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी/प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय जिला सिवनी की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

27/02/2025

जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला–सिवनी




2023-24.docx

सिवनी में MP BOARD परीक्षा के दौरान नेताजी स्कूल के प्राचार्य प्रेमनारायण वारेश्वा का विदाई समारोह। प्राचार्य को नहीं है छात्रों की चिंता

**सिवनी**

मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल उठाने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सिवनी जिला मुख्यालय के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में 28 फरवरी को लापरवाह प्रिंसिपल प्रेमनारायण वारेश्वा का विदाई समारोह आयोजित किया जा रहा है, जबकि इसी दिन मध्यप्रदेश बोर्ड की कक्षा 12वीं एवं 8वीं की परीक्षा भी होनी है।




# सिवनी : MP BOARD परीक्षा के दौरान नेताजी स्कूल के प्राचार्य प्रेमनारायण वारेश्वा का विदाई समारोह, प्राचार्य को नहीं है छात्रों की चिंता !

By Sanjeev Kridiya
FEB 26, 2025 #Tech



सिवनी में MP BOARD परीक्षा के दौरान नेताजी स्कूल के प्राचार्य प्रेमनारायण वारेश्वा का विदाई समारोह। प्राचार्य को नहीं है छात्रों की चिंता

**सिवनी**

मध्यप्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल उठाने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सिवनी जिला मुख्यालय के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में 28 फरवरी को लापरवाह प्रिंसिपल प्रेमनारायण वारेश्वा का विदाई समारोह आयोजित किया जा रहा है, जबकि इसी दिन मध्यप्रदेश बोर्ड की कक्षा 12वीं एवं 8वीं की परीक्षा भी होनी है।

27/02/2025

2

## विद्यालय प्रशासन की गैर-जिम्मेदाराना हरकत

विद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह परीक्षा के दौरान शांति और सुव्यवस्थित माहौल बनाए रखे। लेकिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल के प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और परीक्षा के समय ही प्रिंसिपल प्रेमनारायण वारेश्वा का विदाई समारोह तय कर दिया। और इनमे सबसे बड़ी लापरवाही प्रिंसिपल की है कि उन्हें भी जाकारी होने के बाद उन्होंने स्कूल प्रशासन को इस विदाई समारोह को आगे बढाने या बच्चों के पेपर की टाइमिंग से अलग और विद्यालय परिसर में ना करवाकर कही और करवाने का निर्णय लिया हो.

## छात्रों और अभिभावकों की चिंता

विदाई समारोह के चलते छात्रों की एकाग्रता भंग हो सकती है।

परीक्षा हॉल में शोरगुल का माहौल उत्पन्न हो सकता है।

बच्चों की मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ सकता है।

अभिभावकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं, क्योंकि परीक्षा के दौरान अनुशासन में गड़बड़ी से बच्चों के परिणाम प्रभावित हो सकते हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी को लेना चाहिए संज्ञान

इस गंभीर मुद्दे पर जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा के दौरान कोई भी बाहरी गतिविधि छात्रों की पढ़ाई में बाधा न डाले। विदाई समारोह को परीक्षा समाप्त होने के बाद किसी अन्य दिन आयोजित करने का निर्देश देना चाहिए।

मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य का निर्धारण करती हैं, इसलिए परीक्षा के दौरान पूर्ण अनुशासन बनाए रखना आवश्यक है। विद्यालय प्रशासन और शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा के दौरान कोई अन्य गतिविधि न हो जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो।

27/01/2025

परीक्षा का समय छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान ध्यान भटकाने वाली कोई भी गतिविधि छात्रों के परिणामों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम को परीक्षा के समय आयोजित करना, न केवल अनुचित है बल्कि यह शिक्षा प्रणाली की गंभीरता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

28 फरवरी को कक्षा 12वीं की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीँ कक्षा 8वीं की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी। इसका मतलब यह हुआ कि यदि विदाई समारोह आयोजित किया जाता है, तो इससे परीक्षार्थियों की एकाग्रता प्रभावित होगी और उन्हें परीक्षा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

12वीं

परीक्षा कार्यक्रम परीक्षा वर्ष – 2025

हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा

(नियमित/स्वाध्यायी)

समय : प्रातः 09.00 से 12.00 बजे — Time: 09.00 a.m. to 12.00 Noon

| क्र. | परीक्षा वार | दिनांक | कोड | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंगलवार | 25.02.2025 | 051 | हिन्दी – HINDI |
| 2 | शुक्रवार | 28.02.2025 | 052 | अंग्रेजी – ENGLISH |
| 3 | शनिवार | 01.03.2025 | 055<br>054 | उर्दू – URDU<br>मराठी – MARATHI |
| 4 | मंगलवार | 04.03.2025 | 210<br>140<br>430<br><br>631<br>530 | 1–भौतिक शास्त्र – PHYSICS<br>2–अर्थशास्त्र – ECONOMICS<br>3–एनिमल हस्बेण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एण्ड फिशरीज – ANIMAL HUS. MILK TRADE, POULTY FARMING & FISHERY<br>4–विज्ञान के तत्व – ELEMENTS OF SCIENCE<br>5–भारतीय कला का इतिहास – HISTORY OF INDIAN ART & WORLD ART |
| 5 | बुधवार | 05.03.2025 | 832<br>183<br>164 | 1–बायोटेक्नोलॉजी – BIOTECHNOLOGY<br>2–गायन वादन – GAYAN VADAN<br>3–तबला पखावज – TABLA PAKHAVAJ |
| 6 | गुरुवार | 06.03.2025 | 162 | ड्राइंग एण्ड डिजाइनिंग – DRAWING & DESIGNING |
| 7 | शुक्रवार | 07.03.2025 | 120<br>420<br>520<br>620 | 1 – भूगोल – GEOGRAPHY<br>2 – क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर–CROP PRODUCTION & HORTICULTURE<br>3 – स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन – STILL LIFE & DESIGNE<br>4 – शरीर रचना क्रिया–विज्ञान एवं स्वास्थ्य – ANATOMY PHYSIOLOGY & HEALTH |
| 8 | शनिवार | 08.03.2025 | 231 | बायलॉजी – BIOLOGY |
| 9 | सोमवार | 10.03.2025 | 167 | मनोविज्ञान – PSYCHOLOGY |
| 10 | मंगलवार | 11.03.2025 | 151 | इन्फॉर्मेटिक्स प्रेक्टिसेस – INFORMATIC PRACTICES |
| 11 | बुधवार | 12.03.2025 | 053 | संस्कृत – SANSKRIT |
| 12 | सोमवार | 17.03.2025 | 220<br>110<br>310<br>410<br><br>510<br>610 | 1 – रसायन शास्त्र – CHEMISTRY<br>2 – इतिहास – HISTORY<br>3 – व्यवसाय अध्ययन – BUSINESS STUDIES<br>4 – एली. ऑफ साईंस एण्ड मेथेमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर – ELEMENT OF SCIENCE & MATHS USEFUL FOR AGRICULTURE<br>5 – ड्राइंग एण्ड पेंटिंग – DRAWING & PAINTING<br>6 – गृह प्रबन्ध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान – HOME MANAGEMENT NUTRITION & TEXTILE |
| 13 | बुधवार | 19.03.2025 | 833 | 1 – NSQF (National Skills Qualifications Frame Work) के समस्त विषय<br>2 – शारीरिक शिक्षा |
| 14 | गुरुवार | 20.03.2025 | 166 | समाज शास्त्र – SOCIOLOGY |
| 15 | शनिवार | 22.03.2025 | 165<br>168<br>320 | 1 – कृषि – AGRICULTURE<br>2 – होम साइंस (कला समूह) – HOME SCIENCE (ANAT. PHYS & HYGINS)<br>3 – बुक–कीपिंग एण्ड एकाउंटेन्सी –BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY |
| 16 | सोमवार | 24.03.2025 | 130 | राजनीति शास्त्र – POLITICAL SCIENCE |
| 17 | मंगलवार | 25.03.2025 | 150 | गणित – MATHEMATICS |

27/02/2025